# सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की दो इकाइयों को 8828 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन

राब्यू, जागरण • लखनऊ : प्रदेश में अब सेमीकंडक्टर के निर्माण को तेजी से बढ़ावा मिलेगी। गौतमबुद्ध नगर में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में टार्क सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड 28440 करोड़ रुपये के निवेश से मैन्युफैक्चरिंग इकाई स्थापित करेगा। उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 के तहत इसे 7484.45 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा। ऐसे ही दूसरी मैन्युफैक्चरिंग इकाई वामा सुंदरी इंवेस्टमेंट (दिल्ली) प्राइवेट लिमिटेड 3706.12 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है और इसे सरकार 1343.60 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन देगी। ऐसे में दोनों कंपनियों को कुल 8828 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा।

आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर की ओर से गुरुवार को दोनों मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन दिए जाने संबंधी शासनादेश जारी कर दिए गए। हीरानंदानी ग्रुप की 28,440 करोड़ रुपयें का निवेश करने वाली टार्क सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड को राज्य सरकार की ओर से 7037.50 करोड़ रुपये की कैपिटल सब्सिडी दी जा रही है। प्रथम 200 एकड़ भूमि तक नीति के तहत सरकार 75 प्रतिशत तक सब्सिडी देती है। ऐसे में 320.97 करोड़ रुपये भूमि सब्सिडी और स्टांप व निबंधन शुल्क पर छूट के तहत 29.95 करोड़ रुपये दी जा रही है।